हरिभूमि
# रेवाड़ी भूमि
रोहतक, शनिवार, 29 नवंबर 2025

तापमान
अधिकतम 23 .5 डिग्री
न्यूनतम 8 .6 डिग्री

12 डीटीपी प्रकरण में एक ओर मोड़, सुठानी के ग्रामीणों ने लगाए आरोप, पुलिस थाने में दर्ज कराई शिकायत



12 स्वदेशी उद्योगों को प्रोत्साहन देकर ही भारत को विश्व में बनाया जा सकता आत्मनिर्भर देश




*प्लेटफार्मों तक जाने वाले पुल के किनारे हो चुके जर्जर, कई जगह प्लास्टर टूटकर गिरने की स्थिति में*

# अमृत भारत स्टेशन पर खर्च 32 करोड़, फुट ओवरब्रिज पर नहीं नजर, हो सकता है हादसा

नरेन्द्र वत्स ▶▶| रेवाड़ी

अमृत भारत स्टेशन प्रोजेक्ट के तहत रेलवे स्टेशन को आधुनिक सुविधाओं से लैस करने और आधुनिकीकरण के नाम पर 32 करोड़ रुपये की भारी भरकम राशि खर्च की जा रही है। स्टेशन के प्लेटफार्मों तक पहुंचने के लिए दशकों पूर्व बनाए गए फुट ओवरब्रिज की सुध अधिकारियों ने अभी तक नहीं ली है। हालात यह बने हुए हैं कि इस पुल के दोनों किनारों का प्लास्टर बुरी तरह उखड़ रहा है, जिसके गिरने से कभी भी कोई हादसा हो सकता है। वर्ष 1883 में रेवाड़ी रेलवे स्टेशन मीटर गेज लाइन के समय एशिया का सबसे बड़ा जंक्शन माना जाता था। समय के साथ रेलवे स्टेशन का तेजी से विकास भी हुआ है। इस रेलवे स्टेशन पर इस समय 8 प्लेटफार्म और 14 रेलवे ट्रैक हैं। अंग्रेजों के जमाने में ही इस रेलवे स्टेशन पर रेलवे लाइनों को पार करने और प्लेटफार्मों तक पहुंचने के लिए फुट ओवरब्रिज का निर्माण कराया गया था। ब्राडगेज लाइन शुरू होने के बाद पुल की हाइट बढ़ाने के लिए इसे मॉडिफाई किया गया था। पुल से रेलवे स्टेशन के प्रवेश द्वार से प्लेटफार्मों तक बड़ी संख्या में यात्री आवागमन करते हैं। स्टेशन के आधुनिकीकरण का कार्य भी चल रहा है, परंतु प्लेटफार्मों और रेलवे के ऊपर बने इस पुल के किनारे जर्जर हालत में जा चुके हैं। जगह-जगह प्लास्टर में दरारें आ रही हैं। सरिए जग खाकर फूल चुके हैं, जिनके कारण ही प्लास्टर में दरारें आई हुई हैं। कई जगह पर प्लास्टर गिरने की स्थिति में आ चुका है, जो हादसों का कारण बन सकता है।



रेवाड़ी। रेलवे स्टेशन के एफओबी से उखड़ा प्लास्टर

### रात को हादसे की ज्यादा आशंका

ट्रेनों का इंतजार करते हुए कई यात्री रात के समय प्लेटफार्म पर ही सो जाते हैं। कई प्लेटफार्म के ऊपर से यह पुल गुजरता है। ट्रेन के आवागमन के दौरान पुल वाइब्रेट भी होता है, जिससे इसका प्लास्टर झड़ने की आशंक बनी रहती है। अगर प्लास्टर सोए हुए यात्रियों पर गिरता है, तो इससे उन्हें नुकसान पहुंच सकता है। अभी तक इस ओर स्टेशन के अधिकारियों का कोई ध्यान नहीं गया है।



रेवाड़ी। रेलवे स्टेशन के एफओबी से उखड़ा प्लास्टर। फोटो : हरिभूमि

### जल्द ठीक कराया जाएगा खराब हिस्सा



*पुल के प्लास्टर को लेकर मामला मेरी जानकारी में नहीं है। रेलवे स्टेशन पर नए पुल का निर्माणकार्य शुरू हो चुका है। नया पुल बनने के बाद इस पुल को हटाया जाएगा। पुल पर जहां से प्लास्टर उखड़ रहा है, वहां जल्द मरम्मत भी कराई जाएगी। इसके लिए आदेश जारी कर दिए गए हैं।*
*-मुकेश सैनी, सीनियर डीसीएम, जयपुर मंडल।*

### पुल के नीचे से गुजरती है दर्जनों ट्रेन

जिस पुल का प्लास्टर गिरने की स्थिति में आ चुका है, उसके नीचे से वंदे भारत सहित कई ट्रेनों का संचालन होता है। प्लास्टर गिरने की सूरत में यह इंजन के शीशे तक को चपेट में ले सकता है, जिससे हादसा होने की पूरी आशंका बनी हुई है। पुल के नीचे प्लेटफार्मों पर बड़ी संख्या में यात्री ट्रेनों का इंतजार करते हैं। यह प्लास्टर नीचे खड़े यात्रियों पर भी गिर सकता है। इससे पुल के नीचे ट्रेनों का इंतजार करने वाले यात्रियों के चोटिल होने की आशंका भी बनी हुई है।

## खबर संक्षेप

### मारपीट मामले में चार आरोपी गिरफ्तार

**कुंड।** पुलिस चौकी ने मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पीड़ित पक्ष के बयान पर 26 नवंबर को आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। पीड़ित पक्ष ने मारपीट करने के बाद जान से मारने की धमकी देने के आरोप लगाए थे। मामले की जांच करते हुए पुलिस ने महेंद्रगढ़ के सुराणी निवासी रक्षित, महेंद्रगढ़ के उनिंदा निवासी निखिल, सिद्धार्थ व धनोंदा निवासी अमन को गिरफ्तार किया है। आरोपियों को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### नशीला पदार्थ उपलब्ध कराने वाला काबू

**बावल।** पुलिस ने नशीला पदार्थ मुहैया कराने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गत 23 नवंबर को पुलिस ने एक आरोपी को नशीले पदार्थ के साथ गिरफ्तार किया था। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया था। पूछताछ के दौरान उसने बताया कि उसे नशीला पदार्थ राजस्थान के माजरा निवासी नरेश कुमार ने मुहैया कराया था। पुलिस ने आरोपी नरेश को भी गिरफ्तार कर लिया। उसे कोर्ट में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत के तहत जेल भेज दिया गया।

### हादसों के बाद फरार दो वाहन चालक अरेस्ट

**रेवाड़ी।** पुलिस ने सड़क हादसों के बाद फरार दो वाहन चालकों को गिरफ्तार किया है, जिनमें एक महिला भी शामिल है। खोल थाना पुलिस ने थाना क्षेत्र में हुए सड़क हादसे के बाद गत 25 नवंबर को आरोपी चालक के खिलाफ केस दर्ज किया था। हादसे में एक युवक की मौत हो गई थी। केस दर्ज करने के बाद मामले की जांच करते हुए पुलिस ने धवाना बिरेंद्र को गिरफ्तार किया है। एक अन्य मामले में सिटी पुलिस ने 17 नवंबर को हुए हादसे में आरोपी गाड़ी चालक लाखनौल निवासी मनीषा को गिरफ्तार किया है। उसकी गाड़ी को भी पुलिस ने कब्जे में ले लिया। दोनों को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### मारपीट मामलों के दो आरोपी किए काबू

**रेवाड़ी।** पुलिस ने मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के दो मामलों में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। थाना कोसली पुलिस ने मारपीट में घायल व्यक्ति के बयान पर 28 अगस्त को केस दर्ज किया था। इस मामले में पुलिस ने लुखी निवासी पारस को गिरफ्तार किया है। उसकी बाइक भी वारदात में प्रयुक्त होने के कारण कब्जे में ली गई है। खोल थाना पुलिस ने मारपीट मामले में 26 नवंबर को केस दर्ज किया था। इस मामले में कैलाश नगर निवासी मोनू को गिरफ्तार किया है। तफ्तीश में शामिल करने के बाद आरोपियों को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### अज्ञात वाहन की चपेट में आने से वृद्ध की मौत

**नांगल जमालपुर।** ऊंचा गांव में शुक्रवार दोपहर घर के बाहर सड़क पर टहल रहे करीब 75 साल के बुगुर्ग की अज्ञात वाहन की चपेट में आने से मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। गांव निवासी बुजुर्ग भूपसिंह दोपहर के समय अपने घर के बाहर सड़क पर टहल रहे थे। इसी दौरान किसी वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। भूपसिंह टक्कर लगने के बाद अचेत होकर जमीन पर गिर गए। परिजनों ने उन्हें उठाकर अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने के बाद थाना खोल पुलिस ने अस्पताल जाकर शव का पोस्टमार्टम करा दिया। केस दर्ज करने के बाद पुलिस ने वाहन चालक का पता लगाने के प्रयास शुरू कर दिए।

## कम आयु में विवाह किया जाता है तो यह गैर जमानती अपराध: गणेश कुमार

■ दो साल तक की सजा व एक लाख रुपये तक का जुर्माना हो सकता है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

हरियाणा राज्य बाल संरक्षण आयोग के सदस्य गणेश कुमार और सुमन राणा ने शुक्रवार को लोक निर्माण विश्राम गृह में बाल विवाह रोकथाम एवं बाल संरक्षण को लेकर बैठक आयोजित की। आयोग के सदस्य गणेश कुमार और सुमन राणा ने उपस्थित प्रतिनिधियों से बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006, किशोर न्याय अधिनियम और बच्चों के प्रति होने वाले शोषण की रोकथाम जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की। जिले में बाल विवाह रोकथाम को लेकर मैरिज प्लेस, मैरिज ब्यूरो, कार्ड छापने वाली प्रिंटिंग प्रेस, पंडित व मौलवी इत्यादि सभी संबंधित नागरिकों को जागरूक किया जाए। आयोग के सदस्य गणेश कुमार ने बताया कि बाल विवाह का आयोजन करना अधिनियम 2006 के अंतर्गत कानूनी अपराध है। यदि कम आयु में विवाह किया जाता है तो यह गैर जमानती अपराध है। ऐसा व्यक्ति जो बाल विवाह कराता है या बाल विवाह को बढ़ावा देता है, ऐसा कोई भी व्यक्ति है जो उसकी सहायता करता है तो उसे 2 साल तक की सजा व एक लाख रुपये तक का जुर्माना हो सकता है। सुमन राणा ने बताया कि बाल विवाह एक कुप्रथा है। यह बच्चों से उसका बचपन छीन लेता है और उन्हें शिक्षा, स्वास्थ्य और सुरक्षित जीवन से वंचित कर देता है।



रेवाड़ी। बैठक में मौजूद आयोग के सदस्य व अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

## पार्ट टाइम जॉब के नाम पर लाखों की ठगी

*एक आरोपी चढ़ा साइबर पुलिस के हत्थे*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

साइबर थाना पुलिस ने अगस्त माह में पार्ट टाइम जॉब के नाम पर लाखों रुपये की ठगी करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पूछताछ के बाद आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत के तहत जेल भेज दिया गया। मूल रूप से यूपी के जबुरना निवासी जितेंद्र कुमार ने साइबर थाना पुलिस को दर्ज शिकायत में बताया था कि वह इस समय सेक्टर-3 में रह रहा है। उसके पास टेलीग्राम पर 11 अगस्त को एक मैसेज आया था। उसमें उसे पार्ट टाइम जॉब से पैसा कमाने का लालच दिया गया। उसे एक टेलीग्राम ग्रुप से जोड़कर टास्क दिया गया। टास्क पूरा करने के बाद उसे पैसा मिल गया। अगले दिन उस दिन का टास्क मैने पुरा कर लिया और उसका पेमेन्ट भी आ गया। अगले दिन उसने पहले दो टास्क के लिए 1010 और 3020 व तीसरे टास्क के लिए 7100 रुपये बताए गए खाता नंबरों पर ट्रांसफर कर दिए। टास्क पूरा करने के बाद उसे वापस पैसा नहीं मिला। उसे बताया गया कि तीसरा टास्क पूरा नहीं होने के कारण उसे सुधार फीस के रूप में 97590 रुपये जमा कराने होंगे। उसने यह राशि जमा कराई तो उसकी कुल रकम 161415 दर्शाई गई। जब उसने पैसा निकालने का प्रयास किया, तो उसे बताया गया कि रकम ज्यादा होने के कारण उसे तीन बार में पैसे निकालने होंगे। पहली किस्त के रूप में उसे 2800 रुपये मिल गए। शेष दो किस्त निकलाने के लिए उसे 158615 रुपये और जमा कराने को कहा गया। उसने यह राशि भी जमा करा दी। उसके खाते में कुल धनराशि 317230 रुपये दर्शाई गई, जिसे निकालने के लिए क्रेडिट स्कोर बढ़ाने को 3 लाख रुपये और जमा कराने के लिए कहा गया। उसने यह राशि भी जमा करा दी। इसके बाद उसका कुल पैसा 827257 रुपये दिखाया गया।



रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

### निकालने के लिए और राशि मांगी

इसे निकालने के लिए उससे और पैसों की मांग की गई, तो उसे साइबर फ्रॉड होने का अहसास हुआ। उसके साथ कुल 562895 रुपये का फ्रॉड हो गया। पुलिस ने उसकी शिकायत और बैंक डिटेल्स के आधार पर 10 सितंबर को केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू की थी। जांच के बाद पुलिस ने इस मामले में एक आरोपी पंजाब के जिला संगरूर के गांव मोहली निवासी नवजोत सिंह को गिरफ्तार किया है। उसके बैंक खाते में ठगी कर रकम में से 41 हजार रुपये ट्रांसफर हुए थे। पुलिस मामले के अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास कर रही है।

## सेना के जवान का बीमारी से निधन राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार

*सेना की जीआरएफ यूनिट में तैनात थे प्राणपुरा अशोक कुमार*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बावल

जयपुर के एक अस्पताल में बीमारी के कारण उपचाराधीन सेना की जीआरएफ यूनिट के जवान प्राणपुरा निवासी 53 वर्षीय अशोक कुमार का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार शुक्रवार को प्राणपुरा में पूर्ण राजकीय सम्मान के साथ किया गया, जहां पुलिस की टुकड़ी ने उन्हें सलामी दी। अंतिम संस्कार में प्रशासनिक अधिकारियों के साथ-साथ क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने भी हिस्सा लिया। लगभग 20 साल की उम्र में भर्ती हुए अशोक कुमार भारतीय सेना की जीआरएफ यूनिट में तैनात थे। पिछले कुछ दिनों से वह बीमार चल रहे थे। उनका उपचार जयपुर के एक अस्पताल में चल रहा था। वीरवार को उपचार के दौरान उनका देहावसान हो गया। परिजन पार्थिव शरीर को अस्पताल से गांव लेकर आए।

अशोक कुमार के निधन का समाचार सुनते ही उनके घर पर ग्रामीण एकत्रित हो गए। सुबह अशोक कुमार का राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार कर दिया गया। पुलिस की टुकड़ी ने अशोक कुमार को सलामी दी। उनके सम्मान में पांच राउंड फायर किए गए।





रेवाड़ी। जवान अशोक कुमार का फाईल फोटो, अशोक कुमार को सलामी देते हुए पुलिस के जवान। फोटो : हरिभूमि

### बेटे ने दी पिता को मुखाग्नि

अशोक कुमार के 17 वर्षीय बेटे विकास ने मुखाग्नि दी। वह अपने पिता का इकलौता बेटा है, जो इस समय पढ़ाई कर रहा है। इस मौके पर नायब तहसीलदार हरिकिशन, कानूगो सतीश कुमार, रामनिवास, एसआई राजेंद्र कुमार, कुलदीप व डा. केशव सहित बड़ी संख्या में लोगों ने अशोक कुमार के पार्थिव शरीर पर पुष्प चक्र अर्पित करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी।

## युवा ग्राम पंचायत में विद्यार्थियों ने पंचायत सदस्यों व अधिकारियों की निभाई भूमिका

■ युवा ग्राम पंचायत में 50 विद्यार्थियों ने भाग लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

डाइट हुसैनपुर की ओर से शहीद रविंद्र कुमार पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पाल्हावास में जिला स्तरीय युवा ग्राम पंचायत का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पाल्हावास की टीम ने खंड जाटूसाना में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर आब्जर्वर के रूप में डा. रामपाल शास्त्री डाइट हुसैनपुर सीनियर लेक्चरर थे और निर्णायक मंडल की भूमिका में डाइट हुसैनपुर से हरीश यादव, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नंगली गोधा के भारत गौड़, राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय धारूहेड़ा प्रवक्ता सौरभ यादव ने निभाई। जिला स्तरीय युवा ग्राम पंचायत को तैयार करने में प्रवक्ता मुकेश यादव, राजनीति शास्त्र प्रवक्ता मुकेश यादव, प्रवक्ता इतिहास मांगे राम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। युवा ग्राम पंचायत में 50 विद्यार्थियों ने भाग लिया। विद्यालय की प्राचार्य शोभा रानी भारद्वाज ने बताया कि प्रतियोगिता करने का उद्देश्य विद्यार्थियों को ग्राम पंचायत के बारे में जानकारी देना था, जिसमें ग्राम पंचायत के क्या-क्या अधिकार हैं और ग्राम पंचायत सरपंच और पंच मिलकर क्या भूमिका गांव को उन्नति के रास्ते पर ले जाने में निभा सकते हैं।



रेवाड़ी। जिला स्तरीय युवा ग्राम पंचायत में भाग लेते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

### ये मौजूद रहे

इस अवसर पर वर्तमान सरपंच महेश, पूर्व सरपंच गजराज यादव, जेपी यादव, डॉक्टर सतीश, एसएमसी प्रधान सुमन, एमसी के अन्य सदस्य और स्टाफ सदस्य मौजूद थे।

धारूहेड़ा का एक्यूआई सुबह के समय रहा 380, दिसंबर के शुरू में कड़ाके की ठंड जमकर करेगी परेशान

# अचानक बदला मौसम का मिजाज, बादल छाने से ठिठुरन बढ़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

मौसम में अचानक आए बदलाव से आसमान में बादल छा गए। सूरज बादलों के आगोश में समां गया, जिससे ठिठुरन ने कंपकंपी छुड़ाना शुरू कर दिया। ठंड के साथ प्रदूषण का स्तर भी काफी बढ़ गया, जिससे सुबह के समय आसमान में धुआं छाया रहा। साल के अंतिम माह की शुरूआत कड़ाके की ठंड से हो सकती है। ठंड के साथ प्रदूषण का स्तर अभी और बढ़ सकता है।

राहत की बात यह रही कि दोपहर तक सूर्यदेव बादलों को चीरकर बाहर निकले। इससे ठंड का असर कुछ कम हो गया। शुक्रवार को सुबह के समय एक बार सूर्यदेव ने दर्शन किए। मौसम पूरी तरह साफ बना रहा, लेकिन सुबह 8 बजे अचानक बादल छाने शुरू हो गए। सूरज बादलों के आगोश में छुप गया। बादल छाते ही दिन के समय ठिठुरन ने हाथ कंपकंपाने शुरू कर दिए। अधिकतम तापमान आसमान में बादल छाने के बाद 2.5 डिग्री गिरकर 23.5 डिग्री पर आ गया। न्यूनतम तापमान 2.1 डिग्री की वृद्धि के साथ 8.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। हवा में नमी का स्तर 68 फीसदी बना रहा। 10 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से हवाएं चलने के कारण ठंड का प्रकोप बढ़ना शुरू हो गया है। मौसम विभाग का शुक्रवार को आसमान साफ रहने का पूर्वानुमान था, लेकिन अचानक मौसम में बदलाव आ गया। नवंबर माह के पहले सप्ताह को छोड़कर आसमान पूरी तरह साफ बना हुआ था। माह बीतने के साथ ही आसमान में छाए बादलों से बूंदाबांदी की संभावना बढ़ गई है। दोपहर तक बादल छंटने के बाद एक बार फिर से धूप खिली, जिससे ठंड का असर कुछ हद तक कम हो गया। लोगों को आने वाले दिनों में कड़ाके की ठंड के चलते भारी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। सामान्य जनजीवन पर भी प्रतिकूल असर देखने को मिलेगा। मौसम विभाग का अनुमान है कि आने वाले रविवार को एक बार फिर आसमान में बादल छा सकते हैं। बूंदाबांदी की संभावना से भी इनकार नहीं किया जा रहा है।

### प्रदूषण के स्तर में भी हुई वृद्धि



रेवाड़ी। शुक्रवार को शहर में छाए बरसात के बादल। फोटो : हरिभूमि

### बारिश दिला सकती है प्रदूषण से निजात

प्रदूषण के चलते ग्रेप की पाबंदियों का कोई असर देखने को नहीं मिल रहा है। प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड की निष्क्रियता के चलते कूड़ा जलाने वाले लोगों तक पर रोक नहीं लग पा रही है। धारूहेड़ा का एक्यूआई शुक्रवार सुबह 380 दर्ज किया गया, जो स्वास्थ्य के लिए काफी नुकसानदायी माना जाता है। प्रदूषण बारिश से ही साफ हो सकता है। अगर इस समय बूंदाबांदी भी होती है, तो इससे प्रदूषण साफ होने में काफी मदद मिलेगी। साथ ही बूंदाबांदी या बारिश से रबी फसलों को भी अच्छा फायदा मिलेगा। आसमान में बादल छाने के बाद किसानों को बारिश की उम्मीद नजर आने लगी है।

### धानक समाज की बावल ब्लॉक कमेटी का गठन 30 को

**रेवाड़ी।** धानक समाज की मीटिंग 30 नवंबर को धानक धर्मशाला बालावास जाट में आयोजित की जाएगी। समाज के प्रधान वेदप्रकाश बनवाल ने बताया कि समाज के उत्थान व जागरूकता के लिए ब्लॉक वाइज कमेटी गठित की जा रही है। अब तक खोल, नाहड़, डहीना व जाटूसाना ब्लॉक की कमेटी गठित की जा चुकी है। रविवार को सुबह 10 बजे बावल ब्लॉक की मीटिंग का आयोजन धानक धर्मशाला बालावास जाट में किया जाएगा। मीटिंग में समाज के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा होगी तथा समाज में फैली कुरीतियों के बारे में जागरूक किया जाएगा। इसी दिन धानक समाज की बावल ब्लॉक की कार्यकारिणी का गठन भी किया जाएगा।



# 'तेरे इश्क में' धनुष की आंखों में छिपा दर्द बना असली ताकत

**मुंबई।** फिल्म 'तेरे इश्क में' 28 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। 'तेरे इश्क में'एक ऐसी लव स्टोरी है, जिसमें जुनून, दर्द, प्यार और गुस्सा सब कुछ एक साथ देखने को मिलता है। फिल्म की शुरुआत एक मजबूत मोड़ से होती है, जिससे कहानी तुरंत पकड़ बना लेती है। जैसे-जैसे फ्लैशबैक खुलता है, ऑडियंस यह जानने के लिए उत्सुक हो जाती है कि आखिर शंकर और मुक्ति के रिश्ते में ऐसा क्या हुआ कि दोनों अलग हो गए। अगर आपको जुनून से भरी मोहब्बत, दिल को छू लेने वाले भाव और कच्चे किरदारों की सच्ची कहानी देखना पसंद है, तो 'तेरे इश्क में' जरूर देखी जा सकती है। फिल्म में कमियां जरूर हैं, लेकिन धनुष का अभिनय इस कहानी को देखने लायक बना देता है। वो हर दृश्य में अपनी आंखों और हावभाव से ऐसा एहसास जगाते हैं, जिसे बोलकर नहीं, महसूस करके समझा जाता है।

## लाइफ Style

# तनुश्री

## अमेरिकी बिजनेसमैन को बनाया हमसफर

बंगाली अभिनेत्री तनुश्री चक्रवर्ती ने आखिरकार अपने बॉयफ्रेंड और अमेरिकी बिजनेसमैन सुजीत बसु के साथ सात फेरे ले लिए हैं। यह शादी किसी फिल्मी सीन से कम नहीं थी। लास वेगास के खूबसूरत रेड रॉक कैन्यन में दोनों ने शादी की है। इस खास दिन की तस्वीरें अब सोशल मीडिया पर एक्ट्रेस ने साझा की हैं।

एजेंसी ▶▶| मुंबई

लंबे समय से अमेरिका में छुट्टियां बिताती नजर आ रहीं तनुश्री दरअसल अपने जीवन के इस नए अध्याय की तैयारी में थीं, जिसे उन्होंने अब खूबसूरती से दुनिया के सामने साझा किया है। दोनों की मुलाकात करीब दो साल पहले कोलकाता में एक दोस्त के जरिए हुई थी। तनुश्री अपने रिश्ते को लेकर बताती हैं कि अपने वर्कआउट सेशन के तुरंत बाद अनौपचारिक लुक में उनसे मिली थीं, लेकिन बावजूद इसके वह पहली ही मुलाकात में एक जुड़ाव महसूस कर बैठी थीं। दूसरी तरफ सुजीत भी उसी पल दिल हार बैठे थे। पहले दोस्ती और फिर दूरी के चलते वर्चुअल बातचीत- इन सबके बीच उनका रिश्ता धीरे-धीरे प्रेम में बदल गया। जब तनुश्री अमेरिका छुट्टियों पर गईं, तो उनके साथ बिताए गए पलों ने रिश्ते को और मजबूत कर दिया। लंबी ड्राइव्स, लंबी बातचीत और एक-दूसरे की मौजूदगी ने दोनों को यह एहसास करा दिया कि वह अपना जीवन साथ बिताना चाहते हैं। सुजीत ने शादी की सारी तैयारिया खुद संभालीं ताकि तनुश्री के लिए यह दिन हमेशा यादगार रहे। मेकअप आर्टिस्ट से लेकर वायलिनिस्ट तक- हर छोटी-बड़ी चीज को उन्होंने उसी सलीके से चुना, जैसा तनुश्री को पसंद है। दुल्हन का लहंगा भी सुजीत ने ही चुना था, जिसे देखकर तनुश्री भावुक हो उठीं। इतना ही नहीं, उन्होंने दोनों परिवारों के लिए शादी की लाइव स्क्रीनिंग भी करवाई ताकि दूर रहकर भी सभी इस पल का आशीर्वाद दे सकें।




## हॉलीवुड मसाला




# एशियाई एक्टर्स के लिए हॉलीवुड के दरवाजे खोले

**लॉस एंजिल्स।** मार्शल आर्ट का जिक्र आते ही हमारे दिमाग में सबसे पहला नाम ब्रूस ली का ही आता है। महज 32 साल की उम्र में ली ने मार्शल आर्ट में ऐसी महारथ और पॉप्युलैरिटी हासिल की जिसकी बराबरी आज तक कोई नहीं कर सका। 1960 के दशक में ली ने 'काटो' की भूमिका से हॉलीवुड में पहचान बनाई। लेकिन, हांगकांग में बनी 'द बिग बॉस' (1971), 'फिस्ट ऑफ फ्यूरी' (1972), 'वे ऑफ द ड्रैगन' (1972) और 'एंटर द ड्रैगन' (1973) ने पूरी दुनिया में उन्हें फेमस बना दिया। इन फिल्मों से उन्होंने अपनी मार्शल आर्ट कला को पूरी दुनिया के सामने पेश किया। ली ने बतौर एक्टर अपनी सफलता से एशियाई एक्टर्स के लिए हॉलीवुड के दरवाजे खोले। जैकी चैन, जेट ली, टोनी जा जैसे एक्टर्स ली को अपनी प्रेरणा मानते हैं। किसी भी व्यक्ति के लिए इतनी कम उम्र में जीवन के किसी भी एक क्षेत्र में इतनी ऊंचाई हासिल कर पाना बेहद कठिन होता है।



# डेविड हार्बर ने मिली बॉबी के साथ की बदसलूकी

लॉस एंजिल्स। 'स्ट्रेंजर्स थिंग्स' के नए सीजन की रिलीज से ठीक पहले अभिनेत्री मिली बॉबी ब्राउन और उनके को-स्टार डेविड हार्बर को लेकर एक विवाद ने अचानक सुर्खियां बटोर ली थीं। सोशल मीडिया और विदेशी मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया कि मिली ने हार्बर पर सेट पर बदसलूकी और दबाव बनाने जैसे आरोप लगाए थे। हालांकि, सीरीज की प्रीमियर नाइट पर दोनों को साथ देखा गया, मुस्कुराते हुए फोटो देते हुए। वहीं, अब मिली बॉबी ब्राउन ने पहली बार अपनी चुप्पी तोड़ी है और इस रिश्ते पर खुलकर बात की है। मिली ने विवाद पर बेहद साफ शब्दों में कहा कि उनका रिश्ता हमेशा से मजबूत रहा है। मिली के अनुसार, 'हम पिछले दस साल से यही कर रहे हैं। हम इस शो को दिल से प्यार करते हैं और अपनी दोस्ती को सबसे ऊपर रखते हैं।' उनकी बातों से साफ था कि पर्दे के पीछे कैसी भी चर्चाएं हों, लेकिन उनके और हार्बर के बीच दोस्ती की डोर कमजोर नहीं हुई। दूसरी ओर, शो के निर्माता डफर ब्रदर्स ने प्रीमियर के दौरान आरोपों पर कमेंट करने से इनकार किया, लेकिन साफ कहा कि सेट पर सुरक्षा और सम्मान उनका पहला सिद्धांत है। शो के डायरेक्टर और प्रोड्यूसर शॉन लेवी ने भी कहा कि पूरी टीम एक परिवार की तरह है और वो माहौल को हमेशा सुरक्षित रखने की कोशिश करते हैं।



# कूल लुक में कार्तिक हॉट दिखीं अनन्या


**मुंबई।** कार्तिक आर्यन और अनन्या पांडे इन दिनों अपनी आगामी रोमांटिक फिल्म 'तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी' को लेकर लगातार सुर्खियों में बने हुए हैं। शुक्रवार को इस फिल्म का टाइटल ट्रैक रिलीज कर दिया गया है, जो कार्तिक और अनन्या के फैंस को बेहद पसंद आ रहा है। कार्तिक ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर फिल्म का टाइटल ट्रैक शेयर किया और कैप्शन में लिखा, 'तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी' का टाइटल ट्रैक रिलीज हो चुका है।' जो कार्तिक के फैंस को बेहद पसंद आ रहा है। कार्तिक के फैंस उनके इस गाने पर लाल और फायर इमोजी शेयर कर रहे हैं। कार्तिक ने इंस्टाग्राम पर अपनी फिल्म 'तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी' का टाइल ट्रैक का वीडियो शेयर किया। इस गाने में कार्तिक समंदर किनारे बीच पर बेहद कूल लुक में हसीनाओं के बीच नजर आ रहे हैं। तो वहीं इस गाने में अनन्या भी बेहद हॉट लुक में नजर आ रही हैं।



# इश्क के पूरे हुए 28 साल साझा की अनदेखी तस्वीरें

**मुंबई।** बॉलीवुड के बेहतरीन कलाकार अजय देवगन और काजोल की फिल्म 'इश्क' 28 नवंबर 1997 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। इस फिल्म को 28 साल पूरे हो गए हैं। इस मौके पर अजय देवगन ने काजोल के साथ पुरानी तस्वीरें शेयर की हैं और एक बेहतरीन कैप्शन लिखा है। फैंस को यह पसंद आ रहा है। अजय देवगन ने इंस्टाग्राम पर अपनी जिंदगी के सबसे अच्छे पलों की तस्वीरें शेयर की हैं। एक तस्वीर में वह काजोल को गले लगा रहे हैं। इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा 'इश्क हुआ'। दूसरी तस्वीर में वह काजोल के साथ दूल्हा-दुल्हन की तरह बैठे हैं। इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा 'कैसे हुआ'। तीसरी तस्वीर में वह काजोल और अपने दो बच्चों के साथ बैठे हैं। इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा 'अच्छा हुआ।' इसके साथ पोस्ट में उन्होंने लिखा 'जैसे हुआ अच्छा ही हुआ है।

## टीवी मसाला



# बिग बॉस 19 से बाहर होंगी अशनूर? तान्या के साथ हिंसक होने पर भड़कीं काम्या

**नई दिल्ली।** रियलिटी शो बिग बॉस 19 अपने आखिरी पड़ाव की ओर बढ़ रहा है और जैसे-जैसे ग्रैंड फिनाले करीब आ रहा है, घर के अंदर विवाद, मतभेद और टकराव भी तेज होते जा रहे हैं। इसी बीच शो की पूर्व कंटेस्टेंट और टीवी इंडस्ट्री की जानी-मानी अभिनेत्री काम्या पंजाबी ने इस हफ्ते के घटनाक्रम पर खुलकर अपनी राय रखी है। अशनूर कौर और तान्या मित्तल के बीच हुए विवाद को लेकर जहां उन्होंने सख्त प्रतिक्रिया दी, वहीं गौरव खन्ना को शो का पहला फाइनलिस्ट बनने पर बधाई भी दी। फिनाले से पहले हुए 'टिकट टू फिनाले' टास्क में सभी चार दावेदारों- अशनूर कौर, प्रनीत मोरे, फरहाना भट्ट और गौरव खन्ना के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला। लेकिन इस टास्क के दौरान एक ऐसा वाकया सामने आया जिसने दर्शकों और एक्स-कंटेस्टेंट्स दोनों को हैरान कर दिया। टास्क के बीच अशनूर कौर ने तान्या मित्तल पर शारीरिक प्रहार कर दिया, जिसे लेकर कई दर्शक सोशल मीडिया पर नाराजगी जाहिर कर रहे हैं। सोशल मीडिया पर अब हर कोई अशनूर की इस हरकत पर अपनी राय दे रहा है। कई सेलेब्स की ओर से भी इस पर कड़ी नाराजगी जाहिर की गई है। इन्हीं में शामिल हैं काम्या पंजाबी भी। उन्होंने लिखा कि पूरी सीजन में संयम और गरिमा के साथ खेलने वाली अशनूर से इस तरह की हरकत की उम्मीद नहीं थी। काम्या का कहना है कि खेल की इस स्टेज पर ऐसी गलती बिल्कुल भी आवश्यक नहीं थी।

## भाविन -दिशा ने लिए सात फेरे

**नई दिल्ली।** सिंगर,एक्टर और म्यूजिशियन भाविन भानुशाली ने दिशा चंद्रेजा के सात सात फेरे ले लिए हैं। भाविन ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर अपनी शादी की शानदार तस्वीरों को शेयर किया है। भाविन और दिशा को सेलेब्स शादी की



शुभकानाएं दे रहे हैं। एक्टर और सोशल मीडिया पर्सनैलिटी भाविन भानुशाली और दिशा चंद्रेजा की शादी 27 नवंबर को होमटाउन, महाराष्ट्र में हुई। शादी की खास तस्वीरें आज भाविन ने इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं। भाविन और दिशा की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। भाविन ने आज इंस्टाग्राम पर कुछ ही देर पहले अपनी शादी की तस्वीरों को शेयर किया। इन शानदार तस्वीरों में दिशा लाला लहंगे में बेहद खूबसूरत दिख रही हैं। वहीं भाविन व्हाइट स्टाइलिश शेरवानी में काफी हैंडसम लग रहे हैं। इन तस्वीरों के साथ भाविन ने कैप्शन में लिखा, 'तू मारी ने हूं तारो थाई गयो- 27.11.25।' कई सेलेब्स ने भाविन भानुशाली और दिशा चंद्रेजा को शादी की बधाई दी है। विशाल जेठवा ने लिखा, 'भाविन्न भाई, नमन प्रणाम अभिनन्दन', रश्मि देसाई ने लिखा, 'बधाई हो तमने बन्नेव ने', अविका गौर ने लिखा, 'बधाई हो, नील नितिन मुकेश ने लिखा, 'आपको बधाई हो मेरे प्रिय', हितेन तेजवानी ने लिखा, 'बधाई हो दोस्तों... भगवान आपका भला करे।'

# 45 करोड़ बजट में 500 टिकट भी नहीं बेच पाई थी ये फिल्म

## अधूरी कहानी के साथ हुई रिलीज, कहलाई बॉलीवुड की बिगेस्ट फ्लॉप

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड में हर साल दर्जनों फिल्में बनती हैं। इनमें से कई फिल्मों पर बहुत पैसा खर्च किया जाता है और मेकर्स को उम्मीद होती है कि ये फिल्में बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाएंगी। लेकिन, कई बार ऐसा होता नहीं है। कई बड़ी और स्टार स्टडेड फिल्में भी रिलीज के बाद बुरी तरह फेल हो जाती हैं। आज हम आपको एक ऐसी ही फिल्म के बारे में बता रहे हैं, जिसके बजट, कहानी और कास्ट पर प्रोड्यूसर ने पूरा भरोसा किया था। फिर भी ये फिल्म रिलीज होते ही बुरी तरह पिट गई और लोगों को पता भी नहीं चला कि ये कब आई और कब थिएटर से उतर गई।



### जोरदार उम्मीदें, जीरो कमाई

जिस फिल्म की बात कर रहे हैं, वो है द लेडी किलर, जो साल 2023 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में इश्कजादे फेम अर्जुन कपूर और भूमि पेडनेकर नजर आए थे। करीब 45 करोड़ रुपए के बजट में बनी इस फिल्म से मेकर्स को बड़ी उम्मीदें थीं। लेकिन, हैरानी की बात ये है कि फिल्म 1 लाख रुपए की कमाई भी नहीं कर पाई। फिल्म का न प्रमोशन हुआ और न ही किसी तरह का ऐड नजर आया। मेकर्स ने बिना तैयारी के फिल्म को थिएटर में उतार दिया। नतीजा ये हुआ कि दर्शकों को पता ही नहीं चला कि फिल्म रिलीज भी हो गई है।

### बिना क्लाइमैक्स की रिलीज

*फिल्म फ्लॉप होने के बाद इसके डायरेक्टर ने बताया कि द किलर लेडी को अधूरी हालत में रिलीज कर दिया गया था। फिल्म की स्क्रिप्ट 117 पेज की थी। लेकिन, शूटिंग सिर्फ 87 पेज तक ही हुई थी। यानी फिल्म में क्लाइमैक्स तक पूरा शूट नहीं हुआ था। पहले इसे ओटीटी पर रिलीज करने की प्लानिंग थी। लेकिन, तारीखें बार बार आगे बढ़ने पर इसे जल्दबाजी में थिएटर में रिलीज कर दिया गया। हालत ये रही कि अर्जुन कपूर की इस फिल्म की सिर्फ 500 टिकटें ही बिक पाईं। इसी वजह से इसे अब तक की सबसे खराब ओपनिंग वाली बॉलीवुड फिल्म माना गया।*

# दुर्लभ प्रसाद की दूसरी शादी का टीजर जारी अलग अंदाज में दिखे संजय और महिमा

**मुंबई।** संजय मिश्रा और महिमा चौधरी की अपकमिंग फिल्म 'दुर्लभ प्रसाद की दूसरी शादी' का टीजर रिलीज हो गया है। इस फिल्म को लेकर पहले से काफी चर्चा थी। ऐसा इसलिए क्योंकि संजय मिश्रा की दूसरी शादी का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। टीजर में संजय मिश्रा हल्के-फुल्के अंदाज में कॉमेडी करते हुए नजर आए हैं। वहीं, महिमा चौधरी ग्लैमरस लुक में नजर आई हैं।टीजर में सबसे पहले संजय मिश्रा नजर आते हैं। वह भगवान हनुमान से प्रार्थना करते हैं कि अगर उनकी कुंडली में दूसरी शादी लिखी है, तो कोई सुंदर, सुशील और कलावती महिला से शादी हो। वह हनुमान से कहते हैं कि प्रभु थोड़ा ध्यान रखना वर्ना ये लोग मुझे कहीं भी फंसा देंगे। इसके बाद वह महिमा चौधरी से टकरा जाते हैं। अगले सीन में संजय मिश्रा का बेटा उनके पास आता है और कहता है कि मां मिल गई। इस पर संजय मिश्रा इतराते




हैं। मेकर्स ने इस टीजर को सोशल मीडिया पर रिलीज किया है। इसके साथ इसकी रिलीज डेट भी सामने आ चुकी है। बताया जाता है कि यह फिल्म 19 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म 'दुर्लभ प्रसाद की दूसरी शादी' में संजय मिश्रा और महिमा चौधरी के अलावा व्योम यादव, पलक लालवानी, प्रवीण सिंह सिसोदिया और श्रीकांत वर्मा ने अभिनय किया है। इसका निर्देशन सिद्धांत राज सिंह ने किया है। इसके निर्माता एकांश बच्चन और हर्ष बच्चन हैं।

## आज के दौर में भी जनरेनशन-जेड का बना हुआ है फेवरेट

# धर्मेंद्र पर फिल्माया गया था रफी का बेस्ट एवर रोमांटिक सॉन्ग

वेटरन एक्टर धर्मेंद्र अब हमारे बीच नहीं रहे। लेकिन, उनकी मूवीज और गानों के बारे में जिक्र हमेशा किया जाएगा। इस आधार पर आज हम आपको अभिनेता के एक ऐसे शानदार रोमांटिक सॉन्ग के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसे गायक मोहम्मद रफी ने गाया था। गायक मोहम्मद रफी और अभिनेता धर्मेंद्र की जोड़ी काफी जमती थी।

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सिनेमा जगत में एक दौर ऐसा भी रहा था, जब रफी साहब सही मायनों में धर्मेंद्र की आवाज बन गए थे। एक्टर के ज्यादातर कल्ट गीतों को सुरों के सरताज मोहम्मद रफी ने अपनी रूहानी आवाज दी थी। इस आधार पर आज आपको इन दोनों की जुगलबंदी वाले एक ऐसे गीत के बारे में बताने जा रहे हैं, जो आज के दौर में जनरेनशन-जेड का फेवरेट बना हुआ है। रोमांटिक सॉन्ग के मामले में सिंगर मोहम्मद रफी के इस गाने का कोई मुकाबला नहीं है। आलम ये है कि रिलीज के 55 साल बाद भी ये अमर है।



### 55 साल बाद भी हिट ये गीत

पुराने दौर के आइकॉनिक रोमांटिक सॉन्ग के बारे में जिक्र किया जाए तो उसमें अभिनेता धर्मेंद्र के कई सारे गीत शामिल होंगे, जिनमें से एक गीत साल 1970 में आई फिल्म जीवन मृत्यु का भी रहा। धर्मेंद्र और राखी गुलजार स्टारर इस मूवी के उस गीत को गायक मोहम्मद रफी ने अपनी मधुर आवाज में गाया था। गाने के बोल सुनकर आज भी आपके दिल को सुकून पहुंचेगा। गौर किया जाए उस गीत की तरफ तो उसका नाम- झिलमिल सितारों का आंगन होगाहै। धर्मेंद्र के इस कल्ट सॉन्ग को रफी साहब और लता मंगेशकर ने मिलकर गाया था, जबकि इसके संगीतकार लक्ष्मीकांत-प्यारेलाल की जोड़ी थी। जीवन मृत्यु मूवी के इस गाने के गीतकार कोई और नहीं, बल्कि दिग्गज लेखक आनंद बख्शी थे, उनकी कलम से जी झिलमिल सितारों का आंगन होगा के ये खूबसूरत बोल निकले थे। इस गाने को आज भी बॉलीवुड से सबसे बेहतरीन रोमांटिक सॉन्ग में से एक माना जाता है।

### यादगार गीत

*24 नवंबर 2025 को धर्मेंद्र का देहांत हो गया। अब एक्टर की यादें उनकी मूवीज और शानदार गीतों के जरिए ताजा रहेंगी। झिलमिल सितारों का आंगन होगा धर्मेंद्र के यादगार गीतों में शुमार है, जिसे सुनने के बाद आपको हिंदी सिनेमा के ही-मैन की याद जरूर आ जाएगी।*

## खबर संक्षेप



### सिसोठ में दादा ने घोड़ी पर निकाला पोती का बनवारा

**महेंद्रगढ़।** गांव सिसोठ निवासी घीसाराम यादव ने अपनी पोती अन्नू का बनवारा घोड़ी पर निकालकर बेटा-बेटी में समानता का संदेश दिया है। अन्नू पुत्री रविन्द्र की शादी गांव खातोद निवासी नीरज के संग शुक्रवार को होनी है, इसी खुशी पर दादा घीसाराम यादव, दादी बिमला देवी ने अपनी पोती अन्नू का बनवारा डीजे के साथ घोड़ी पर निकालकर सामाज में बेटा–बेटी में समानता का संदेश दिया है। ममाज टीम सदस्य मुकेश चौहान ने बेटी अन्नु को हरियाली का प्रतीक पौधा भेंटकर बधाई दी।

### दो पहलवान राष्ट्रीय स्तर पर चयनित

**नारनौल।** बुहाना समीपवर्ती सुलताना (अहिरान) के शास्त्री अखाड़ा के दो पहलवानों का राज्य स्तर पर स्वर्ण पदक प्राप्त करने पर राष्ट्रीय स्तर पर चयन हुआ है। पहलवान वीरेंद्र कुमार शास्त्री ने बताया कि मनीष यादव पुत्र सतीश कुमार का विद्यालय प्रतियोगिताओं में राज्य स्तर पर स्वर्ण पदक प्राप्त किया है और वह अब तीन दिवसीय राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता गोरखपुर (उत्तर प्रदेश) में भाग लेंगे। वहीं दूसरे पहलवान आलोक पुत्र नरेश ने राष्ट्रीय पुरुष प्रतियोगिता में राज्य स्तर पर स्वर्ण पदक प्राप्त करके क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

### रोहिल्ला टांक क्षत्रिय सभा को मिलेंगे 5 लाख रुपये

**महेंद्रगढ़।** रोहिल्ला टांक क्षत्रिय सभा मौहल्ला नाथुवाला के लिए मुख्यमंत्री विवेकाधीन निधि से पांच लाख रुपये की सहायता राशि मंजूर की गई है। रोहिल्ला टांक क्षत्रिय सभा के प्रधान बृजलाल रोहिल्ला ने बताया कि हिसार में संत नामदेव महाराज की जयंती को राज्य स्तर पर मनाया गया था, जिसमें सीएम सैनी ने रोहिल्ला टांक क्षत्रिय सभा महेंद्रगढ़ के लिए भी मुख्यमंत्री विवेकाधीन निधि से पांच लाख की सहायता राशि मंजूर की। आवश्यक दस्तावेज हरियाणा पिछड़ावर्ग आयोग के पूर्व अध्यक्ष एवं हरियाणा नामदेव रोहिल्ला टांक क्षत्रिय सभा संरक्षक सतबीर वर्मा ने महेंद्रगढ़ रोहिल्ला टांक क्षत्रिय सभा के पदाधिकारियों के सामने सभा प्रधान को भेंट किए।

## कष्ट निवारण समिति की बैठक में 12 शिकायतों में से नौ का मौके पर समाधान

# विद्यार्थियों के साथ दुर्व्यवहार करने वाले निजी बस चालकों पर होगी कार्रवाई



**महेन्द्रगढ़।** लोगों की शिकायत सुनते मंत्री अरविंद शर्मा। फोटो : हरिभूमि

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़**

स्कूल व कॉलेज के बच्चों के साथ बस पास को लेकर दुर्व्यवहार करने वाले निजी बस चालक व परिचालक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने स्कूल व कॉलेज के छात्रों के बस पास निजी बसों में मान्य करने की घोषणा की है। सहकारिता एवं पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद कुमार शर्मा ने जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक में शिकायतें सुनते हुए ये आदेश दिए हैं। महेंद्रगढ़ स्थित कॉलेज ऑडिटोरियम में आयोजित जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक में सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा के समक्ष विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 12 परिवाद रखे गए, जिनमें से नौ परिवादों का समाधान मौके पर ही कर दिया गया और तीन मामलों को लंबित रखते हुए उनकी जांच करने के निर्देश दिए हैं। बैठक में मंत्री ने स्पष्ट कहा कि सरकार नागरिकों को पारदर्शी, जवाबदेह और संवेदनशील प्रशासन देने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी परिवादों का समयबद्ध एवं प्राथमिकता के आधार पर निपटान सुनिश्चित किया जाए और समाधान इस प्रकार हो कि परिवादी को पूरी संतुष्टि मिले। सहकारिता मंत्री ने कष्ट निवारण समिति में नालों की सफाई की शिकायत पर कहा कि विभाग नालों की सफाई करके उन पर बोर्ड लगाना सुनिश्चित करें और बोर्ड पर अंकित किया जाएगा कि इस नाले की सफाई कब हुई और अगली सफाई कब होगी। सभी विभाग तालमेल बनाकर समस्याओं का समाधान करें।

### ये रहे मौजूद

बैठक में नारनौल के विधायक ओमप्रकाश यादव, महेंद्रगढ़ के विधायक कंवर सिंह यादव, पुलिस अधीक्षक पूजा वशिष्ठ, अतिरिक्त उपायुक्त उदयभान सिंह, डीएमसी रणवीर सिंह, एसडीएम कनिका गोयल, नारनौल एसडीएम अनिरुद्ध यादव, कनीना एसडीएम जितेन्द्र कुमार, नारनौल नगरपरिषद की चेयरपर्सन कमलेश सैनी, कोऑपरेटिव सोसाइटी के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह उपस्थित रहे।

### जिला रजिस्ट्रार के तबादले को लेकर विभिन्न संगठनों ने मंत्री को सौंपा ज्ञापन

**महेंद्रगढ़।** शहर की विभिन्न समाज और सामाजिक संगठनों ने शुक्रवार को सहकारिता मंत्री अरविंद शर्मा को एक ज्ञापन सौंपा है। इस दौरान विभिन्न संगठनों ने फर्म्स एवं समिति के जिला रजिस्ट्रार का तबादला करने की मांग की है। उन्होंने ज्ञापन के माध्यम से कहा कि फर्म्स एवं समितियां के जिला रजिस्ट्रार महेश कुमार के कारण जिले की प्रमुख सामाजिक, धार्मिक और शैक्षणिक संस्थाओं में गंभीर अनियमितताएं फैल गई हैं, जिससे समाज में गहरे विवाद उत्पन्न हो रहे है। उनकी मनमानी, पक्षपात और भ्रष्टाचार के कारण महेंद्रगढ़ की प्रमुख सामाजिक संस्थाओं में उत्पन्न हुए गंभीर गतिरोध और अनियमितताओं का विवरण अनेक है। उनकी प्रशासनिक कार्यशैली पूरी तरह से गैर-जिम्मेदाराना और अक्षम है। वह न केवल नियमित रूप से अपने कार्यालय में अनुपस्थित रहते हैं, बल्कि जब कोई पदाधिकारी या नागरिक उनसे मिलने के लिए जाता है, तो उनसे बड़ी मुश्किल से मुलाकात हो पाती है। यह मुलाकात से बचना स्पष्ट रूप से इस बात का प्रमाण है कि वह जानबूझकर जनता और संस्थाओं के प्रतिनिधियों की शिकायतों और आवेदनों को नजरअंदाज कर रहे हैं। बार-बार निवेदन और गंभीर शिकायतों के बावजूद कोई कार्रवाई न करना उनकी कर्तव्य में घोर लापरवाही को दर्शाता है। इनके कार्यकाल में डॉ. भीमराव अंबेडकर स्मारक समिति, श्री रामलीला परिषद, श्री आदर्श रामलीला व यादव सभा में विवाद गहराया हुआ है। उन्होंने कहा कि यह विवाद केवल इन चार संस्थाओं तक सीमित नहीं है। यह स्पष्ट है कि जिला रजिस्ट्रार ने महेंद्रगढ़ में बहुत सारी अन्य सामाजिक संस्थाओं में भी यही हाल है, जिससे पूरे जिले का सामाजिक ताना-बाना खतरे में पड़ गया है। इस मौके पर आदर्श रामलीला कमेटी प्रधान सुरेंद्र बंटी, अमित मिश्रा, प्रधान महेश जोशी, प्रोफेसर हरिसिंह यादव, मनोहर लाल यादव, पूर्व पार्षद वीरेंद्र यादव, ललित यादव, प्रदीप यादव, सुंदरलाल जोरासिया, हैड मास्टर ताराचन्द्र, सुभाष चौहान, संतलाल खिच्ची, सतीश नम्बरदार, हंसराज चौहान, हरिसिंह प्रधान खातौद, डॉ. भीमराव आंबेडकर स्मारक समिति के सदस्य व पूर्व सरपंच प्रधान धन्नाराम, ब्राह्मण सभा के पूर्व प्रधान राजेश दीवान, श्री गौशाला से संजय यादव, सूर्यकांत कौशिक, गजराज जांगिड़ सभा, प्रधान रविप्रकाश बचीनी, अजीत खिंची, समाजसेविका सन्तोष देवी, लेखराज, रमेश कुमार खिच्ची, जगदीश पल्ह, सतीश पल्ह, पंकज कुमार चितलांग, डा. जयवीर, कर्ण सिंह पंच, नरेश कुमार व जिले सिंह खातौद आदि उपस्थित रहे।

### टीबी मुक्त भारत अभियान पर सीएचसी में बैठक

**नारनौल।** टीबी उन्मूलन को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) दोचाना में ब्लॉक स्तरीय अहम बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता एसएमओ डॉ. अंजली सैनी ने की। बैठक में स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग सहित विभिन्न इकाइयों के प्रतिनिधियों के अलावा डॉ मुकुल सीएचसी दोचाना, डॉ अमित सिंघानिया दंत चिकित्सक व प्रवीण शर्मा, खंड आशा समन्वयक (सीएचसी दोचाना) भी उपस्थित रहे। बैठक में टीबी के लक्षण, रोकथाम और समय पर उपचार को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। अधिकारियों ने बताया कि टीबी जांच—बलगम परीक्षण, एक्स-रे और सीबीएनएएटी—जिले के सभी स्वास्थ्य संस्थानों में पूरी तरह निःशुल्क उपलब्ध है। बैठक में शिक्षा विभाग के रेड रिबन क्लब प्रतिनिधियों को विद्यालयों और कॉलेजों में टीबी स्क्रीनिंग व जागरूकता अभियान तेज करने के निर्देश दिए गए। इसी दौरान महिला एवं बाल विकास विभाग के प्रतिनिधियों ने बताया कि सभी आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं व सहायिकाओं को माताओं और बच्चों को टीबी के लक्षण, बचाव और इलाज संबंधी जानकारी देने हेतु प्रशिक्षित किया जाएगा। टीबी मरीजों को प्रदान की जाने वाली पोषण सहायता और "निक्षय मित्र योजना" की प्रगति की भी समीक्षा की गई।


**नारनौल।** बैठक लेती एसएमओ डॉ. अंजली सैनी। फोटो :हरिभूमि

## विज्ञान प्रदर्शनी में खुशी गर्ग तृतीय

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल**

राजकीय पीजी कॉलेज में आयोजित जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में महिला महाविद्यालय की छात्रा खुशी गर्ग पुत्री डॉ. मनोज गर्ग ने केमिस्ट्री विषय में फूड एडाल्टरेशन पर आधारित अपना उत्कृष्ट मॉडल प्रस्तुत किया। अपनी नवीन सोच और प्रभावशाली प्रस्तुति के दम पर खुशी ने तृतीय स्थान प्राप्त कर क्षेत्र व जिले का नाम गौरवान्वित किया।

खुशी ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता, पिता व कॉलेज केमिस्ट्री प्रोफेसर डॉ. चिरंजीव तायल को दिया। खुशी गर्ग ने अपने मॉडल के माध्यम से बताया कि वर्तमान समय में दूध, दही, दाल, सब्जियां, फल, मसाले इत्यादि अधिकांश खाद्य पदार्थों में मिलावट की जाती है। उन्होंने समझाया कि कुछ सामान्य परीक्षणों की मदद से इन मिलावटों को आसानी से पहचाना जा सकता है। दूध में मिलावट की जांच आयोडीन व फिनॉल्फ्थेलीन टेस्ट, नमक में मिलावट की जांच टाइट्रेशन टेस्ट, फल और सब्जियों में मिलावट की जांच क्रोमैटोग्राफी टेस्ट से की जा सकती है। छात्रा के पिता डॉ. मनोज गर्ग ने बताया कि खुशी अब रोहतक में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में अपने मॉडल का प्रदर्शन करेगी। इस उपलब्धि पर खुशी को उनके दादा समाजसेवी चेतन प्रकाश गर्ग, दादी संतोष गर्ग, अनिल गुप्ता, सुनील गुप्ता, मीनाक्षी गर्ग, यशी गर्ग ने बधाई दी।



**नारनौल।** मॉडल के साथ छात्रा खुशी गर्ग।

## खबर संक्षेप




### लिटिल चैंमप्स प्ले स्कूल में एथलीट मीट

नारनौल। लिटिल चैंमप्स प्ले स्कूल मिश्रवाड़ा खेल मैदान में वार्षिक एथलीट मीट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यालय में सीनियर और जूनियर दो ग्रुप बनाए गए, जिसमें सीनियर वर्ग में 50 मीटर की दौड़ प्रतियोगिता में डेविड सैनी प्रथम, दीपांशु सैनी द्वितीय तथा लवीश यादव तीसरे स्थान पर रहे। वहीं जूनियर वर्ग में 50 मीटर दौड़ में वंश सैनी प्रथम, भव्य सोनी द्वितीय तथा सिद्धत सोनी तीसरे स्थान पर रही। विजेता छात्राओं को मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अध्यापिका आशा मान ने कहा कि बच्चों में अंतर निहित प्रतिभाओं को तराशने के लिए इस प्रकार के आयोजनों का होना बहुत जरूरी है। इस प्रकार के आयोजनों से उनके अंदर छुपी हुई प्रतिभा को निखारने का बेहतरीन मंच मिलता है।

### ब्लॉक और जिला स्तर पर स्थान पाने वाले सम्मानित

**महेंद्रगढ़।** देवयानी इंटरनेशनल स्कूल बेवल की छात्रा दीया कुमारी पुत्री सुधीर कुमार ने गीता महोत्सव कार्यक्रम में भाषण प्रतियोगिता में जिला स्तर पर दूसरा स्थान प्राप्त किया। अब कुरुक्षेत्र में होने वाले गीता महोत्सव में महेंद्रगढ़ जिले का प्रतिनिधित्व करेंगी। स्कूल छात्रा विशु यादव पुत्री विरेंद्र ने रोड सेफ्टी प्रोग्राम के तहत क्विज प्रतियोगिता में दूसरा स्थान प्राप्त कर सड़क सुरक्षा की जानकारी सांझा की। अब यह छात्रा जिला स्तर पर कनीना ब्लॉक का प्रतिनिधित्व करेंगी। स्कूल प्रशासन ने दोनों विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित किया। प्राचार्य बलवान सिंह ने कहा कि प्रशासन के द्वारा सड़क सुरक्षा अभियान में बच्चों को काफी जानकारी मिलती है, जो इन्हें आगे भविष्य में काम आती है। वहीं गीता के श्लोक को जीवन में धारण कर समाज में जीने की कला सीखी जा सकती है। इसलिए हमारे समाज और संस्कृति का सही मार्गदर्शन करती है गीता।






### बीआर ज्ञानदीप में साइंस क्विज प्रतियोगिता

महेंद्रगढ़। बीआर ज्ञानदीप विद्यालय सुरजनवास के परिसर में आयोजित साइंस क्विज प्रतियोगिता में पारुल, महक, शीलू और तनुश्री की प्रतिभाशाली टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। छात्रों की यह शानदार उपलब्धि न केवल उनकी वैज्ञानिक समझ और त्वरित सोच का प्रमाण है। यह प्रतियोगिता विज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित की गई। फिजिक्स प्रवक्ता अविका यादव के नेतृत्व में सुदर्शन लांबा, रवि यादव, कुलदीप यादव और दीपेश गुप्ता जैसे समर्पित विज्ञान अध्यापकों ने पूरी प्रतियोगिता को सुव्यवस्थित, ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायी बनाया। क्विज में पूछे गए प्रश्न छात्रों की तर्कशक्ति, वैज्ञानिक दृष्टिकोण तथा अवधारणा आधारित ज्ञान की गहराई को परखने वाले थे। प्राचार्य रामवीर यादव ने कहा कि छात्र-छात्राओं की यह सफलता विद्यालय में निरंतर किए जा रहे नवाचारों और मेहनती शिक्षकों की अनवरत मेहनत का परिणाम है। चेयरमैन रूपराम यादव ने कहा कि बीआर ज्ञानदीप विद्यालय हमेशा से विद्यार्थियों को शैक्षणिक उत्कृष्टता के साथ-साथ प्रतियोगी मंचों पर भी निखारने के प्रयास करता रहा है।

### 100 बच्चों ने अस्पताल पहुंचकर किया ज्ञान प्राप्त

**महेंद्रगढ़।** स्थानीय मौदाश्रम मंदिर के सामने मौहल्ला जवाहरनगर में स्थित बचपन प्ले स्कूल के 100 बच्चों ने एसबीआई बैंक के सामने रेलवे पर स्थित रिवाइव दांतों के अस्पताल में पहुंचकर वहां की सीनियर डॉ. सारा प्रिया से दांतों के बारे में आवश्यक जानकारी हासिल की। चेयरपर्सन निशा सैनी के नेतृत्व में पहुंचे सभी बच्चों को डॉक्टर सारा प्रिया ने दांतों के रखरखाव के लिए दिन में दो बार फ्लोराइड टूथपेस्ट से ब्रश करना, रोजाना फ्लास करना, मीठे और अम्लीय खाद्य पदार्थों का सेवन सीमित रूप से करना और समय समय पर दांतों की जांच करवाने के बारे में बताया। इसके अतिरिक्त उन्होंने दांतों की मुख्य बीमारियां जैसे कैविटी सड़न और मसूड़े की बीमारियों एवं उनके उपचार के बारे में भी बच्चों को बताया।

## विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में बालाजी स्कूल भुंगारका प्रथम

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| नांगल चौधरी।**

एससीईआरटी गुरुग्राम के तत्वावधान में जोनल स्तरीय विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसमें बालाजी सीनियर सेकेंडरी स्कूल भुंगारका के विद्यार्थियों ने प्रथम स्थान हासिल किया। विजेता रहे प्रतिभागियों के स्कूल पहुंचने पर प्रबंधन कमेटी ने अभिनंदन किया तथा प्रशंसा पत्र देकर प्रोत्साहित किया। सम्मान समारोह की अध्यक्षता संस्था के चेयरमैन रामनिवास यादव ने की।

उन्होंने बताया कि विद्यार्थियों में विज्ञान की जिज्ञासा को विकसित करने के लिए विभाग ने साइंस प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताएं निर्धारित की हैं। बीते महीने जिला स्तरीय प्रतियोगिता संपन्न हुई थी। जिसमें बालाजी स्कूल के विद्यार्थियों ने दूसरा स्थान अर्जित करके संस्था का गौरव बढ़ाया था। वीरवार को गुरुग्राम में जोनल स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसमें छह जिलों की स्कूलों को शामिल किया गया है।


नांगल चौधरी। विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित करते चेयरमैन रामनिवास व शिक्षक स्टॉफ। *फोटो : हरिभूमि*

## सुरक्षा सखी पखवाड़ा कार्यक्रम का सफल आयोजन

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल**

पचेरी कलां स्थित सिंघानिया विश्वविद्यालय में सुरक्षा सखी पखवाड़ा के तहत पुलिस विभाग की ओर से एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें झुंझुनू एवं आसपास के कई क्षेत्रों से सुरक्षा सखियां एकत्रित होकर सक्रिय रूप से सहभागी बनी। कार्यक्रम में मुख्यातिथि सिंघानिया विवि के उपाध्यक्ष एवं कैंपस डायरेक्टर प्रोफेसर पीएस जस्सल ने कहा कि सखी समाज के बीच रहकर वास्तविकता को अच्छी तरह समझती हैं और उसे न्याय प्रणाली तक पहुंचाना उनका दायित्व है। उन्होंने सिंघानिया विवि की तरफ से सुरक्षा सखियों के बच्चों की बेटियों को 35 प्रतिशत तथा बेटों को 25 प्रतिशत तक छात्रवृत्ति प्रदान करने की घोषणा की। रजिस्ट्रार मोहमद इमरान हाशमी ने कहा कि सुरक्षा सखी पीड़ित महिलाओं को न्याय दिलाने की एक महत्त्वपूर्ण कड़ी हैं। प्रो. प्रेसीडेंट डॉ. पवन त्रिपाठी ने कहा कि माता-पिता, शिक्षक, पुलिस और न्याय व्यवस्था समाज के अभिन्न स्तंभ हैं और सभी को अपनी जिम्मेदारियां पूरी ईमानदारी से निभानी चाहिए।


कार्यक्रम में मौजूद सुरक्षा सखी।



### गुरु द्रोणाचार्य स्कूल में किया महात्मा फूले को याद

नारनौल। गुरु द्रोणाचार्य वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ढाणी किरारोद नारनौल में महात्मा ज्योतिबा फूले की 135वीं पुण्यतिथि मनाई गई। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष अजय कुमार, प्राचार्य नेतराम सैनी व स्टाफ सदस्यों ने ज्योतिबा की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। चेयरमैन ने अपने सम्बोधन में कहा कि ज्योतिबा महान समाज सुधारक थे। दलितों के मसीहा थे। प्राचार्य नेतराम सैनी ने अपने वक्तव्य में कहा कि ज्योतिबा सामाजिक क्रान्ति के अग्रदूत व शिक्षा की अलख जगाने वाले महान योद्धा थे। इस मौके पर वाइस चेयरमैन कुलदीप, मैनेजिंग डायरेक्टर पूजन सैनी, कृष्ण कुमार, धर्मपाल, मनोज कुमार, अंकित सैनी, दरयाव, पूनम सैनी, सुनीता, मधु, निशा, पूजा, प्रीतम सिंह, कमल सिंह, ममता यादव, रूक्मा, मोना आदि उपस्थित थे।

## फूले के दिखाए गए मार्ग पर चलने का लें संकल्प


**नारनौल।** महात्मा ज्योतिबा फुले को नमन करती पूर्व नप चेयरपर्सन भारती सैनी।

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल**

सिंघाना रोड बाईपास पर स्थित महात्मा ज्योतिबा फूले चौक पर महात्मा ज्योतिबा फूले की पुण्यतिथि के अवसर पर शुक्रवार को पुष्प श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष भारती सैनी ने कहा कि महात्मा ज्योतिबा फूले एक महान समाजसुधारक, विचारक और क्रांतिकारी कार्यकर्ता थे। जिन्होंने भारतीय समाज में महिलाओं और दलितों के उत्थान के लिए अपना जीवन समर्पित किया। उनका जन्म 11 अप्रैल 1827 को पुणे महाराष्ट्र में हुआ था और 28 नवंबर 1890 को उनका निधन हुआ। उन्होंने कहा कि 1848 में भारत का पहला महिला विद्यालय खोला और महिलाओं को शिक्षा का अधिकार दिलवाने के लिए संघर्ष किया।

मौके पर डॉ. रामनिवास मानव, सैनी सभा उप प्रधान रोहतास सैनी, कोषाध्यक्ष बलवंत सैनी, महासचिव निहाल सैनी, कार्यकारिणी सदस्य मदनलाल, जयसिंह सैनी, मुखराम सैनी, गिरधारी लाल सैनी, भगवान दास सैनी, अजीत सैनी, कुसुम निर्मल, रितु मौजूद रहे।

**आह्वान** राजकीय महिला महाविद्यालय में महिला सहकारिता सम्मेलन का आयोजन

# महिलाएं सहकारिता मुहिम से जुड़कर कार्य करें: अरविंद शर्मा

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़**

राजकीय महिला महाविद्यालय में सरकार भारती हरियाणा द्वारा महिला सहकारिता सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि प्रदेश के सहकारिता पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा, मुख्य वक्ता महिला आयोग अध्यक्ष रेनू भाटिया एवं सहकार भारती प्रदेश महामंत्री सौरव भीष्म रहे, अध्यक्षता विधायक कंवर सिंह यादव रहे। मुख्यातिथि ने अपने संबोधन में महिलाओं को सहकारी आंदोलन में शामिल होने की अपील की और उन्होंने महिला स्वयंसहायता समूहों को मजबूत बनाने पर भी जोर दिया। मुख्यातिथि ने कहा कि महिलाओं की भागीदारी के बिना विकसित भारत 2047 का सपना जो प्रधानमंत्री मोदी ने देखा है, वह पूरा नहीं हो सकता। इसलिए महिलाओं को इस मुहिम में शामिल होना होगा। उन्होंने सहकार भारती द्वारा आयोजित इस सम्मेलन में सहकार भारती द्वारा सहकारिता से संस्कृति और संस्कृति से समृद्धि के मूलमंत्र को धारण करने का आह्वान किया और सहकार भारती को सफल कार्यक्रम के लिए बधाई दी। मुख्यवक्ता रेनू भाटिया ने कहा कि आज महिलाएं देश की आधी आबादी है व पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर कार्य कर रही है, चाहे कोई पुण्य कार्य हो, चाहे राजनीतिक, चाहे सामाजिक सब महिलाओं के बिना अधूरे हैं। विधायक कंवर सिंह यादव ने कहा कि महिला हमारे देश की आधी आबादी है, जिनका देश के विकास में अहम योगदान है। पुरुष एवं नारी एक सिक्के के दो पहलू है। दोनों के साथ से ही जीवन रूपी गाड़ी आगे बढ़ती है। सहकार भारती महिलाओं के सामाजिक उत्थान के लिए प्रतिबद्ध है। इसी कड़ी में जिले में महिला सम्मेलन आयोजित किए जा रहे है, जिसमें उनकों अधिकार एवं सशक्तिकरण के विषय में जागरूक किया जाता है और इसमें जिले में काम करने वाले स्वयं सहायता समूहों को भी सम्मलित किया जायगा।



**महेंद्रगढ़।** कार्यक्रम में महिलाओं को संबोधित करते मंत्री अरविंद शर्मा। *फोटो : हरिभूमि*

### ये रहे मौजूद

मौके पर प्रो. सुनीता श्रीवास्तव, प्रांत महिला सह प्रमुख सहकार भारती तृप्ति श्योराण, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की प्रांत महिला प्रमुख डॉ. इंदु बाला, प्रांत सम्पर्क सचिन महायच, जिला अध्यक्ष पारस शर्मा, जिला महामंत्री डॉ. अरविंद यादव, उपाध्यक्ष डॉ. सविन यादव, सत्यवीर यादव, उपभोक्ता प्रकोष्ठ प्रमुख एडवोकेट गोपाल शर्मा, महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. महेंद्र सिंह, जिला सीएम पैक्स प्रमुख लक्की यादव सिगड़ा, जिला सचिव अरुण जोशी, आयुष्मान शुक्ला, शकुंतला महायच, दीपिका सरपंच, चंद्रकला खातोद, नरेश, लक्ष्मीनारायण प्रजापत व राजेश इत्यादि मौजूद रहे।

**सूचना**

मैं, मन्जू देवी पत्नी श्री सुनील निवासी वार्ड नंबर-8, मौहल्ला बागवाला, तहसील बावल, जिला रेवाड़ी बयान करती हूं कि मेरा पुत्र राहुल मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**ग्राम पंचायत बोहतवास अहीर**
खण्ड-डहीना, जिला रेवाड़ी (हरियाणा), मोबाइल 9466782020

**सफाई कर्मचारी की नियुक्ति हेतु**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत बोहतवास अहीर में एक सफाई कर्मचारी की नियुक्ति की जानी है। जो व्यक्ति सफाई कर्मचारी लगने के इच्छुक हैं वह अपने दस्तावेज 29 दिसम्बर 2025 को शाम 5 बजे तक ग्राम पंचायत बोहतवास अहीर / खण्ड कार्यालय डहीना में जमा करायें।

**हस्ता/- महेश कुमार, सरपंच,**
**ग्राम पंचायत बोहतवास अहीर, खण्ड डहीना, जिला रेवाड़ी**

## खबर संक्षेप



### कैप्टन बने दीपक का गांव पहुंचने पर स्वागत

**बावल।** गांव रूध निवासी दीपक ने सेना में कैप्टन बनकर गांव व जिले का नाम रोशन किया है। शुक्रवार को गांव पहुंचने पर कैप्टन दीपक का भव्य स्वागत किया गया। दीपक के सम्मान में बनीपुर चौक से बावल बाजार में स्वागत जुलुश निकाला गया। ग्रामीणों ने बताया कि दीपक शुरू से ही पढ़ाई में अव्वल रहने के साथ सेना में भर्ती होना चाहता था।

### यादव कल्याण सभा का फ्री हेल्थ कैंप कल

**रेवाड़ी।** यादव कल्याण सभा की ओर से 30 नवंबर को गढ़ी बोलनी रोड स्थित कृष्ण भवन में फ्री चिकित्सा शिविर व मासिक बैठक का आयोजन किया जाएगा। यादव सभा प्रवक्ता प्रो. सतीश यादव ने बताया कि शिविर में डा. तरुण यादव किडनी रोग विशेषज्ञ मेडिसिन, डा. आकाश हड्डीरोग, डा. करतार सिंह सर्जरी, डा. अजीत सिंह चर्म रोग व डा. कंचन नेत्ररोग में ओपीडी सेवाएं प्रदान करेंगे।

### चोरी के मामले में काबू आरोपी भेजा जेल

**धारूहेड़ा।** थाना क्षेत्र में मई माह में हुई चोरी की वारदात के बाद दर्ज मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पीड़ित पक्ष की शिकायत के बाद घटनास्थल का मौका मुआयना करते हुए 13 मई को चोरी का केस दर्ज किया था। इस केस में जांच के बाद पुलिस ने राजस्थान के मुसारी निवासी मलकीत सिंह को गिरफ्तार किया है।

### बाल भवन में ग्रीवेंश कमेटी की बैठक आज

**रेवाड़ी।** हरियाणा के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन, स्थानीय निकाय और नागरिक उड्डयन मंत्री विपुल गोयल की अध्यक्षता में जिला लोक संपर्क एवं परिवेदना समिति की मासिक बैठक 29 नवंबर को सुबह 10 बजे बाल भवन के सभागार में आयोजित होगी। डीसी अभिषेक मीणा ने बताया कि बैठक में विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 17 परिवादों की सुनवाई की जाएगी, जिनमें 10 नए व 7 लंबित परिवाद शामिल हैं।

### जैसलमेर-शकूर बस्ती नई ट्रेन का शुभारंभ आज

**रेवाड़ी।** रेलवे की ओर से जैसलमेर-शकूर बस्ती एक तरफा स्पेशल रेलसेवा का संचालन किया जा रहा है। इस एक्सप्रेस ट्रेन के चलने से रेवाड़ी के यात्रियों को सुविधा मिलेगी। एक्सप्रेस ट्रेन का उद्घाटन 29 नवंबर को जैसलमेर से किया जाएगा। उत्तर पश्चिम रेलवे के सीपीआरओ शशि किरण ने बताया कि गाड़ी संख्या 04805 जैसलमेर-शकूर बस्ती एक तरफा उद्घाटन स्पेशल रेलसेवा 29 नवंबर को जैसलमेर से सुबह 11:20 बजे रवाना होकर अगले दिन शकूर बस्ती स्टेशन पर शाम 4:30 बजे पहुंचेगी।

### सरदार पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में पदयात्रा आज

**कोसली।** कोसली के राजीव गांधी खेल स्टेडियम में 29 नवंबर को शाम 4 बजे सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर पदयात्रा का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद रहेंगे।

### फुले को परिनिर्वाण दिवस पर अर्पित किए श्रद्धासुमन

**रेवाड़ी।** शुक्रवार एआईसीसी के एससी डिपार्टमेंट के जिला अध्यक्ष रमेश ठेकेदार ने शुक्रवार को ज्योतिबा फुले के 136वें महापरिनिर्वाण दिवस पर श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस मौके पर रमेश ठेकेदार ने कहा कि ज्योतिबा फुले का जन्म 11 अप्रैल 1827 को महाराष्ट्र के सतारा जिले के माली जाति के परिवार में हुआ था तथा वे 28 नवंबर 1890 को दुनिया से विदा हो गए।

## भाजपाइयों ने रेलवे स्टेशन पर यात्रियों को पत्रक भेंट कर चलाया स्वदेशी जागरण अभियान

# स्वदेशी उद्योगों को प्रोत्साहन देकर ही भारत को विश्व में बनाया जा सकता आत्मनिर्भर देश : पंवार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

■ किसी भी विदेशी वस्तु को खरीदने या उसको घर में रखने के लिए लालायित न हो

विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा स्वदेशी जागरण और आत्मनिर्भरता की ओर तेजी से आगे बढ़ रहा है। प्रदेश में पिछले 11 वर्षों के दौरान 7 लाख 66 हजार छोटे, बड़े नए उद्यम लगाए गए हैं। इस के अलावा 9500 नए स्टार्ट अप राज्य में शुरू किए गए हैं। उन्होंने कहा कि सरस मेला की तर्ज पर हरियाणा में भी जिला स्तर पर स्वदेशी मेला आयोजित किए जाने की योजना बनाई जा रही है। मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने शुक्रवार को यात्रियों से मिलकर रेलवे स्टेशन पर स्वदेशी जागरण अभियान को गति प्रदान की। इस अवसर पर उनके साथ विधायक लक्ष्मण सिंह यादव, भाजपा जिलाध्यक्ष वंदना पोपली व वरिष्ठ नेता वीर कुमार यादव उपस्थित थे। प्रदेश के विकास एवं पंचायत मंत्री ने कहा कि स्वदेशी उद्योगों को प्रोत्साहन देकर ही भारत को विश्व में पूर्ण रूप से आत्मनिर्भर देश बनाया जा सकता है। देश और प्रदेश की आर्थिक उन्नति के लिए यह आवश्यक है कि हम सभी अपने देश में बने हुए उत्पादों का ही दैनिक जीवन में उपयोग करें। किसी भी विदेशी वस्तु को खरीदने या उसको घर में रखने के लिए लालायित न हों। जब तक हम दूसरे देशों का सामान खरीदते रहेंगे, तब तक भारत आगे नहीं बढ़ सकता। सभी नागरिक राष्ट्र भक्ति की भावना को मन में धारण करें और भारतीय उत्पाद को ही प्राथमिकता प्रदान करें।



रेवाड़ी। रेलवे स्टेशन पर यात्रियों से बात करते मंत्री कृष्ण लाल पंवार। फोटो : हरिभूमि



रेवाड़ी। रेलवे स्टेशन पर ट्रेन में यात्रियों को पत्रक बांटते हुए। फोटो : हरिभूमि

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर चेयरमैन अनिल सैनी, किसान मोर्चा के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष रामपाल यादव, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष प्रीतम चौहान, जिला महामंत्री हिमांशु पालीवाल, कुलदीप चौहान, मार्केट कमेटी वाइस चेयरमैन दीपक मंगला, जतिन अरनेजा, दिनेश यादव, सोम गुर्जर, नीरु भारद्वाज, रत्नेश बंसल, पारीश शर्मा व रिंकू सिंह सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद थे।

### 12 लाख से अधिक एमएसएमई की इकाइयां चल रही

मंत्री पंवार ने कहा कि हरियाणा में इस समय 12 लाख से अधिक एमएसएमई की इकाइयां चल रही हैं, जिनमें 65 लाख से अधिक युवाओं को रोजगार प्राप्त हुआ है। हरियाणा उद्यम एवं रोजगार नीति-2020 के अंतर्गत 400 करोड़ रुपये से अधिक की सहायता राशि नए उद्योग लगाने के लिए दी गई है। सरकार ने हरियाणा आत्मनिर्भर नाम से एक नया पोर्टल बनाया है, जिस पर स्वरोजगार के लिए आवेदन किया जा सकता है।

### कुटीर उद्योगों को और अधिक बढ़ावा दिया जाएगा

विधायक लक्ष्मण सिंह यादव ने कहा कि रेवाड़ी तो पीतल नगरी होने के कारण पहले से ही लोकल फॉर वोकल के लिए प्रसिद्ध है। भविष्य में ग्रामीण स्तर पर कुटीर उद्योगों को और अधिक बढ़ावा दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिला में एक हजार के करीब स्वयं सहायता समूह चलाए जा रहे हैं। भाजपा जिलाध्यक्ष वंदना पोपली ने कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में शुरू किए गए स्वदेशी जागरण अभियान को जिले में और अधिक तेज गति से चलाया जाएगा। खासतौर पर महिलाओं को इस अभियान के प्रति जागरूक किया जाएगा। रेलवे स्टेशन पर प्लेटफार्म पर बैठे हुए और ट्रेन में सवार यात्रियों को स्वदेशी जागरण के पत्रक भेंट किए गए।



रेवाड़ी। सेमिनार में मौजूद प्रबुद्धजन व विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

## आईजीयू में सेमिनार का आयोजन

# श्रीमद् भागवत गीता में छिपा है संपूर्ण जीवन का सारः प्रो. कर्ण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मीरपुर

अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव के अंतर्गत इंदिरा गांधी विवि के स्वामी विवेकानंद सभागार में शुक्रवार को श्रीमद् भागवत गीता पर सेमिनार का आयोजन किया गया। आईजीयू के रसायन विभाग के अध्यक्ष एवं डीएसडब्ल्यू प्रो. कर्ण सिंह ने बतौर मुख्य अतिथि दीप प्रज्वलित कर सेमिनार का शुभारंभ किया। सेमिनार में गीता के ज्ञान पर आधारित विभिन्न विषयों पर विद्वानों ने अपने-अपने विचार रखते हुए विद्यार्थियों को जीवन में इन्हें आत्मसात करने के लिए प्रोत्साहित किया। सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग, आईजीयू प्रबंधन तथा जिला प्रशासन के सहयोग से आयोजित सेमिनार में प्रो. कर्ण सिंह ने कहा कि विश्व के सबसे प्रमुख धार्मिक ग्रंथ भागवत गीता में संपूर्ण जीवन का सार छिपा हुआ है। गीता में व्यक्ति के जीवन की हर समस्या और उलझन का सम्मिलित है। गीता में सर्वधर्म की व्याख्या की गई है।




रेवाड़ी। सेमिनार में अपने विचार रखते हुए वक्ता। फोटो : हरिभूमि

### इंद्रियों पर काबू पाने का ज्ञान गीता में ही निहितः उर्मिल

इस अवसर पर ब्रह्माकुमारी राजयोगिनी उर्मिल ने कहा कि मनुष्य की सबसे बड़ी समस्या इंद्रियों का नियंत्रण नहीं होना है और वह अपनी इंद्रियों की जीवनभर गुलामी करता है। गीता हमें सर्व बंधनों से मुक्ति का मार्ग दिखाती है। अपनी इंद्रियों पर काबू पाने का ज्ञान गीता में ही निहित है। गीता का ज्ञान हमें सही मायनों में जीवन के हर पहलू से अवगत कराता है। हमारा मन बहुत चंचल होता है। इसमें हर समय कोई न कोई विचार आते रहते हैं। मन पर काबू पाने के लिए हमें महान ग्रंथ श्रीमद् भागवत गीता को जीवन में आत्मसात करना होगा। कार्यवाहक प्राचार्य डा. ज्योत्सना यादव ने कहा कि हमें जीवन में अर्जुन की भूमिका निभाते हुए चुनौतियों का डटकर मुकाबला करना चाहिए।

## आपकी पूंजी, आपका अधिकार अभियान के तहत जन जागरूकता कैंप का आयोजन

■ उपभोक्ताओं से जानकारी को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने की अपील की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

भारत सरकार के वित्त मंत्रालय, वित्तीय सेवा विभाग की ओर से अक्टूबर से दिसंबर तिमाही के लिए आपकी पूंजी, आपका अधिकार विशेष अभियान की शुरूआत की गई है। आपकी पूंजी, आपका अधिकार विशेष अभियान के तहत शुक्रवार को अग्रवाल धर्मशाला में जनजागरूकता कैंप का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव अमित वर्मा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की, वहीं क्षेत्रीय अधिकारी एसबीआई राधे श्याम मैहला विशिष्ट अतिथि थे। कार्यक्रम में अग्रणी जिला प्रबंधक राजीव रंजन, क्षेत्रीय प्रबंधक राजीव कुमार, उप सर्कल हेड नरेन्द्र सिंह टोलिया व स्टेट हेड रतिराम ने भी सहभागिता की। इस मौके पर सीजेएम अमित वर्मा ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने तथा अपने परिजनों के निष्क्रिय खातों की जानकारी लेकर उचित प्रक्रिया के माध्यम से राशि का दावा करना चाहिए। उन्होंने सभी उपभोक्ताओं से जानकारी को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने की अपील की। अग्रणी जिला प्रबंधक राजीव रंजन ने अभियान की पृष्ठभूमि, उद्देश्य एवं महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला।



रेवाड़ी। कैंप में मौजूद सीजेएम व बैंक अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

### सैनी समाज ने की फुले दंपति को भारत रत्न देने की मांग

**रेवाड़ी।** सैनी पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा फुले की 135वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। वक्ताओं ने समाज की ओर से मांग उठाई गई कि फुले दंपति को उनके अविस्मरणीय योगदान के लिए भारत रत्न से विभूषित किया जाए। कार्यक्रम में सैनी सभा के प्रधान मनोज सैनी, उपप्रधान राम सिंह सैनी, सैनी महासभा हरियाणा के उपाध्यक्ष चेतराम सैनी, सलाहकार समिति चेयरमैन शशि भूषण सैनी, महासचिव एडवोकेट धर्मेन्द्र, कोषाध्यक्ष लक्ष्मीनारायण सैनी, ओमप्रकाश सैनी, प्रकाश सैनी, रवि सहित प्राचार्या अनिता यादव और स्टाफ सदस्य मौजूद थे।

## सैनिक स्कूल में सामान्य ज्ञान व विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, मानेकशॉ सदन बना विजेता

■ विद्यालय प्राचार्य कैप्टन ब्रिज किशोर ने मुख्य अतिथि के रुप में शिरकत की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुंड

गोठड़ा अहीर स्थित सैनिक स्कूल में शुक्रवार को कैडेट्स में सीखने की रुचि और आत्मविश्वास बढ़ाने के लिए सामान्य ज्ञान व विज्ञान प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्राचार्य कैप्टन ब्रिज किशोर ने मुख्य अतिथि के रुप में शिरकत की। कार्यक्रम में उप-प्राचार्या स्क्वाड्रन लीडर वंदना चौधरी व वरिष्ठ अध्यापक गजेंद्र सिंह चौहान भी उपस्थित थे। कार्यक्रम में सामाजिक विज्ञान, समसामयिक घटनाएं, दैनिक विज्ञान, रक्षा, श्रव्य एवं दृश्य राउंड व रैपिड फायर राउंड विषयों पर प्रश्न पूछे गए।

कार्यक्रम में दृश्य-श्रव्य माध्यम से भी प्रतिभागियों व उपस्थित कैडेट्स समूह के ज्ञान का विविध मूल्यांकन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यालय के मानेकशॉ सदन ने प्रथम, कटारी सदन ने द्वितीय व अर्जन सदन ने तृतीय स्थान हासिल किया। प्रतियोगिता में प्रत्येक प्रश्न चरण के बाद उपस्थित श्रोताओं व छात्रों से भी प्रश्न पूछे गए और सही उत्तर देने पर पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया। प्रतियोगिता समग्र प्रभारी समन्वयक की भूमिका मनोज कुमार ओझा टीजीटी विज्ञान ने निभाई।



रेवाड़ी। प्रतियोगिता के विजेता कैडेट्स शिक्षकों के साथ। फोटो : हरिभूमि

### कुकिंग विदाउट फायर प्रतियोगिता में प्रिया व ज्योति की टीम बनी विजेता

**मीरपुर।** इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय के अंग्रेजी विभाग में कुकिंग विदाउट फायर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में एमए प्रथम वर्ष व द्वितीय वर्ष के छात्रों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में सात टीमों ने अपनी प्रतिभा दिखाते हुए विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट व्यंजन बनाए। हिंदी विभाग से डा. मंजू पुरी व डा. जागीर नागर ने निर्णायक मंडल की भूमिका निभाई। प्रतियोगिता में प्रिया व ज्योति की टीम प्रथम, मान्या, आईश व मुस्कान की टीम द्वितीय तथा अनु एवं अंजली, गुंजन, ऋतु व निशा की टीम तृतीय स्थान पर रही। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष प्रो. रोमिका बत्रा ने कहा कि आजकल की भागदौड़ भरी जिÞन्दगी में कुकिंग विदाउट फायर की कला युवा पीढ़ी को न केवल जंक फूड से बचाने में मदद कर सकती है, बल्कि अपने स्वास्थय के प्रति जागरूक बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।



## एनडीआरएफ टीम ने विद्यार्थियों को आग से सुरक्षा भूकंप से बचाव व रेस्क्यू तकनीकों की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मीरपुर

इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय के भूगोल विभाग व 7वीं बटालियन एनडीआरएफ भटिंडा की ओर से विश्वविद्यालय परिसर में आपदा प्रबंधन पर प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। कार्यक्रम में एनडीआरएफ की विशेषज्ञ टीम ने लाइन डेमो के माध्यम से आपदा के समय बचाव, प्राथमिक चिकित्सा, आग से सुरक्षा, भूकंप से बचाव तथा रेस्क्यू तकनीकों से जानकारी दी। एनडीआरएफ टीम का नेतृत्व सब इंस्पेक्टर यतेंद्र सिंह ने किया। विद्यार्थियों और शिक्षकों को विभिन्न आपदाओं के दौरान सतर्कता, त्वरित प्रतिक्रिया और सुरक्षित निकासी के तरीकों से अवगत कराया।



रेवाड़ी। विद्यार्थियों को आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण देती एनडीआरएफ टीम।

### ये मौजूद रहे

*इस मौके पर डा. पिंकी नोडल अधिकारी आईजीयू भी उपस्थित रही। भूगोल विभागाध्यक्ष डा. विपिन कुमार ने एनडीआरएफ टीम का आभार जताया। इस मौके पर विभाग से डा. कृष्ण दत्त, डा. नेहा यादव, डा. सुनीता नागपाल, सोनू व सोहनपाल सहित प्रोफेसर विकास बत्रा, प्रोफेसर पंकज कुमार त्यागी, सतीश खुराना, डा. मुकेश यादव, डा. सतेंदर बल, डा. सविता श्योराण, डा. रमेश कुमार, डा. महाबीर सिंह बड़क, डा. सुमन नागपाल, डा. बीरेंद्र सिंह यादव, डा. सूरज नारा, डा. अंकित यादव, डा. प्रतिभा यादव, डा. नवीन कुमार, डा. संजय यादव व डा. मनोज कुमार उपस्थित थे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने भाग लिया।*

## दूधवाखारा स्टेशन पर सब-वे पर चल रहा काम

# रेलसेवाएं आंशिक रद् और मार्ग परिवर्तित रहेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

रेलवे की ओर से चूरू-सादुलपुर रेलखंड के दूधवाखारा स्टेशन पर सब-वे कार्य निर्माण कार्य के लिए ब्लॉक लिया जा रहा है। कार्य के कारण रेल यातायात प्रभावित रहने से उत्तर पश्चिम रेलवे की रेलसेवाएं आंशिक रद व मार्ग परिवर्तित रहेगी। गाड़ी संख्या 14897 बीकानेर-हिसार रेलसेवा 2 दिसंबर को बीकानेर से प्रस्थान करके चूरू तक ही संचालित होगी। यह रेलसेवा चूरू-हिसार के मध्य आंशिक रद रहेगी। गाड़ी संख्या 14898 हिसार-बीकानेर रेलसेवा 3 दिसंबर को हिसार के स्थान पर चूरू से प्रस्थान करेगी। गाड़ी संख्या 54604 लुधियाना-चूरू रेलसेवा 2 दिसंबर को लुधियाना से प्रस्थान करके हिसार तक ही संचालित होगी। गाड़ी संख्या 54605 चूरू-लुधियाना रेलसेवा 3 दिसंबर को चूरू के स्थान पर हिसार से प्रस्थान करेगी। गाड़ी संख्या 54789 रेवाड़ी-बीकानेर रेलसेवा 3 दिसंबर को रेवाड़ी से प्रस्थान करके सादुलपुर तक ही संचालित होगी। गाड़ी संख्या 54790 बीकानेर-रेवाड़ी रेलसेवा 3 दिसंबर को बीकानेर के स्थान पर सादुलपुर से प्रस्थान करेगी।

### योगासन खेलों का हुआ आयोजन

**रेवाड़ी।** खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स के अंतर्गत जोधपुर के चैनपुरा स्टेडियम में योगासन खेलों का आयोजन किया गया। 25 से 27 नवंबर तक आयोजित प्रतियोगिता में हरियाणा योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन के राज्य सचिव डा. युद्धवीर ने योगासन भारत के महासचिव डा. जयदीप आर्य के निर्देशानुसार चीफ जज की भूमिका निभाई व हिसार योगासन के सचिव अनुज कौशिक को टीएसआर टीम में कार्य करने का अवसर मिला। डा.युद्धवीर ने बताया कि प्रतियोगिता में ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी की 16 टीमों ने भाग लिया। समापन समारोह में योगासन भारत के अध्यक्ष उदित सेठ, योगासन भारत के महासचिव डा. जयदीप आर्य व कोषाध्यक्ष रचित कौशिक ने सभी खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया। इस मौके पर डा. जयदीप आर्य ने कहा की योगासन खेल अब नई ऊंचाईयों की और बढ़ रहा है।

**प्रदर्शन** डीटीपी प्रकरण में दबाव बनाने की कवायद, तीसरे दिन भी एफआईआर दर्ज होने की पुष्टि नहीं

# डीटीपी प्रकरण में एक ओर मोड़, सुठानी के ग्रामीणों ने लगाए आरोप, पुलिस थाने में दर्ज कराई शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

सुठानी में बीते सोमवार को निर्माण तोड़ने गई डीटीपी की टीम के साथ अभद्रता का वीडियो वायरल होने और डीपीटी की शिकायत के बाद मामले में एक ओर मोड़ आया है। जिस कॉलोनी के पास डीटीपी की टीम निर्माण तोड़ने के लिए गई थी, उसकी कॉलोनी के ग्रामीणों ने डीटीपी पर पलटवार करते हुए कसोला थाने में शिकायत दर्ज कराई है। ऐसा माना जा रहा है कि राजनीतिक हस्तक्षेप अपना काम कर रहा है, जिस कारण डीटीपी की शिकायत पर तीसरे दिन भी केस दर्ज करने की पुष्टि पुलिस की ओर से नहीं की गई है। बीते सोमवार को डीटीपी मंदीप सिहाग के नेतृत्व में एक टीम पुलिस बल के साथ सुठानी में पेट्रोल पंप के पीछे निर्माणाधीन मकान को तोड़ने के लिए गई थी। इसके बाद एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें युवा भाजपा नेता निखिल मांढैया डीटीपी के साथ उलझते हुए दिखाई दे रहे हैं। वह डीटीपी को निर्माण तोड़ने पर खून खराबा होने व कई अधिकारियों की नौकरी चले जाने की धमकी दे रहे हैं। इस घटनाक्रम के बाद डीटीपी की टीम को पुलिस की चुप्पी के कारण मौके से लौटना पड़ा था। डीटीपी ने पांच नामजद लोगों सहित कई लोगों के खिलाफ एसपी व डीसी से लेकर कसोला थाने तक को शिकायत प्रेषित की गई थी। शिकायत में टीम के अधिकारियों को बंधक बनाने का प्रयास करने और सरकारी कार्य में बाधा डालने के आरोप लगाए गए हैं।





रेवाड़ी। डीटीपी के खिलाफ प्रदर्शन करते ग्रामीण फाइल फोटो व डीटीपी से दुर्व्यवहार करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### मुझे शिकायत की कोई जानकारी नहीं



इस तरह के आरोप पूरी तरह से बेबुनियाद हैं। ऐसे तो कोई भी किसी पर आरोप लगा सकता है। मुझे शिकायत दर्ज कराने और मेरी शिकायत पर केस दर्ज होने की कोई जानकारी नहीं है। मेरा काम शिकायत देना था। आगामी कार्रवाई पुलिस को करनी है। -मंदीप सिहाग, डीटीपी।

### क्रॉस केस कराने की कवायद तेज

कॉलोनी के लोगों ने भी डीटीपी के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए कसोला पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई गई है, ताकि क्रॉस केस बनवाया जा सके। इस शिकायत में डीटीपी पर अवैध कॉलोनियों में कार्रवाई के नाम पर घूस मांगने, महिला से अभद्रता करने और किसान की फसल बर्बाद करने के आरोप लगाए गए हैं। शिकायत एक महिला की ओर से दर्ज कराई गई है। लोगों ने यह भी चेतावनी दी है कि वह जल्द ही डीटीपी की शिकायत करने के लिए सीएम से मिलेंगे। फिलहाल पुलिस की ओर से किसी भी शिकायत पर केस दर्ज नहीं किया गया है, जिससे यह साफ हो रहा है कि पुलिस पूरी तरह दबाव में कार्य कर रही है। एसएचओ कसोला का कहना है कि अभी तक कोई एफआईआर दर्ज नहीं की गई है।